# सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

**Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in**

पत्रांक:313 / सो.आ.नि.–3 / 562 / 2025

दिनाँक: 26 मई, 2025

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट, उ0प्र0।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
(गाजियाबाद एवं गौतमबुद्ध नगर को छोडकर)
उत्तर प्रदेश।

**विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रथम चरण में महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अर्न्तगत कराए गए कार्यो का सोशल आडिट कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया निदेशालय के पत्र सं0 1652, दिनांक 12, मार्च 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रथम चरण में महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अर्न्तगत कराए गए कार्यो का सोशल आडिट कराये जाने हेतु निदेशालय से ग्राम पंचायतों का सोशल आडिट कैलेण्डर जारी किया गया है। उक्त पत्र के (बिन्दु संख्या–15) में दिए गए निर्देशों के अनुसार "सोशल आडिट की ग्राम सभा की बैठक में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी / ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं से सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारीगण की उपस्थिति तथा बैठक को सुचारू रूप से सम्पन्न होने के लिए जनपद के किसी वरिष्ठ अधिकारी को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया जाना आवश्यक है।"

संज्ञान में आया है कि सोशल आडिट ग्राम सभा बैठक के समय अनेक प्रकरणों में कतिपय तकनीकी सहायक एवं ग्राम पंचायत अधिकारी / ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित नही रहते है, जिससे सोशल आडिट की गुणवत्ता प्रभावित होती है। साथ ही सभी बिन्दुओं का सम्यक परीक्षण / सत्यापन नहीं हो पाता।

अतः सोशल आडिट की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए सोशल आडिट ग्राम सभा बैठक में सचिव ग्राम पंचायत एवं तकनीकी सहायक की अन्य कर्मियों के साथ उपस्थिति सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally signed by
Kamlesh Kumar
Date: 26-05-2025
13:13:41

(कमलेश कुमार)
निदेशक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. समस्त संयुक्त विकास आयुक्त, उ0प्र0।
2. समस्त जिला विकास अधिकारी, (गाजियाबाद एवं गौतमबुद्ध नगर को छोडकर), उ0प्र0।

(कमलेश कुमार)
निदेशक